an>

Title: Need to set up two Navodaya Vidyalayas in Fatehpur district, Uttar Pradesh

श्री महेन्द्र प्रसाद निषाद (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से इस सदन में माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र फतेहपुर, उ0प्र0 की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि भारत सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय खासकर, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करा रही है और इसके परिणाम भी अच्छे मिल रहे हैं, लेकिन कई जनपदों/ जिलों में एक ही नवोदय विद्यालय होने के कारण अधिक से अधिक छात्रों को इन स्कूलों में दाखिला नहीं मिल पाता है और भारी तादाद में छात्र अच्छरी शिक्षा पाने से वंचित रह जाते हैं।

अतः मेरा विचार है और मैं मांग करता हूं कि पिछड़े जनपद फतेहपुर, उ0प्र0 सहित देश के अन्य पिछड़े जनपदों/िजलों में दो नवोदय विद्यालय की स्थापना हो, इसके लिए सरकार आवश्यक कार्यवाही करे।